एक नजर में

वंदे मातरम समिति के मंच से राष्ट्रहित का दिया संदेश बच्चों में भरा देशभक्ति का जोश

गोला गोकर्णनाथ खीरी। शहर के स्थानीय विद्यालय उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी में वंदे मातरम समिति द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति की ऐसी लहर उठी कि पूरा पंडाल भारत माता की जयऔर वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि विधायक अमन अरविंद गिरी ने मंच से जब राष्ट्र एकता और राष्ट्र सर्वोपरि का संदेश दिया, तो उपस्थित सैकड़ों लोगों ने तालियों से उनका अभिवादन किया।विधायक ने अपने संबोधन में साफ शब्दों में कहा, मैं पहले भारतीय हूँ, फिर हिन्दू हूँ, और फिर क्षेत्र की जनता के लिए एक सेवक हूँ। मेरे लिए राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है। उनके इस बयान पर पूरे सभागार में जोश भर गया। उन्होंने बच्चों और युवाओं को विशेष संदेश देते हुए कहा, आप सभी राष्ट्र के हित में जीना सीखिए। अपने हर कदम को राष्ट्रहित में बढ़ाइए। यही सच्ची देशभक्ति है।ष् उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में राष्ट्र के प्रति श्रद्धा, समर्पण और देश प्रेम की भावना को जगाना ही सबसे बड़ी सेवा है।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव पैदा करना था, जो पूरी तरह सफल रहा।

आरटीआई के तहत मांगी सूचना

लखीमपुर खीरी। सहकारी गन्ना विकास समिति गोला से जुड़ा है। यहां आवेदक अजेन्द्र प्रताप सिंह ने खाद गोदाम के निर्माण एवं उसके रखरखाव से संबंधित विभिन्न जानकारियां आरटीआई के तहत मांगी थीं। समिति और जिला प्रशासन द्वारा सूचना देने से इनकार किए जाने के बाद यह मामला उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग पहुंचा। अधिकारियों ने दिया था यह तर्क आयोग में सुनवाई के दौरान जिला गन्ना अधिकारी के प्रतिनिधि एवं समिति के सचिव श्री बलवंत कुमार चौधरी ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि सहकारी गन्ना समिति एक स्ववित्तपोषित संस्था है और इसे सरकार से किसी प्रकार की वित्तीय सहायता (फंडिंग) नहीं मिलती है, इसलिए इस पर आरटीआई अधिनियम लागू नहीं होता है। अपने पक्ष को मजबूत करने के लिए समिति की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट के 19 अगस्त 2015 के एक निर्णय के साथ-साथ 5-6 अन्य पुराने न्यायिक एवं विभागीय आदेशों का हवाला दिया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में तत्कालीन गन्ना आयुक्त एवं निबंधक (सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियां, उत्तर प्रदेश) श्री संजय आर. भूसरेड्डी ने भी एक विभागीय आदेश जारी कर पुराने आयोग के निर्णयों का हवाला देते हुए गन्ना समितियों को आरटीआई के दायरे से बाहर बताया था। इन आदेशों की प्रतियां प्रदेशभर की समितियों को भेजी गई थीं, जिसके सहारे अधिकारी अब तक सूचना देने से बचते रहे थे।

आवेदक की प्रभावी दलीलदूसरी ओर, प्रार्थी अजेन्द्र प्रताप सिंह ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एक महत्वपूर्ण आदेश का हवाला देते हुए पुरजोर तर्क रखा कि आरटीआई अधिनियम की धारा 8 के तहत मिलने वाली छूट वाली सूचनाओं को छोड़कर, अन्य सभी वांछित सूचनाएं नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा एकत्र करके आवेदक को उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

रोजगार मेले का आयोजन किया गया

लखीमपुर खीरी। युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बुधवार को राजकीय आईटीआई धौरहरा में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। विभिन्न कंपनियों की चयन प्रक्रिया के माध्यम से आईटीआई एवं नॉन आईटीआई के कुल 387 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयन की सूचना मिलते ही युवाओं के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए। रोजगार मेले में बीकेटी टायर्स, कृष्णा मारुति लिमिटेड, ब्लिंकिट वेयरहाउस, एपटिप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सहित विभिन्न कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता, तकनीकी दक्षता एवं निर्धारित मानकों के आधार पर चयन प्रक्रिया संपन्न कराई। इसमें आईटीआई उत्तीर्ण 165 अभ्यर्थियों तथा नॉन आईटीआई के 222 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस प्रकार कुल 387 युवाओं को रोजगार का अवसर मिला। इस मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश कुमार श्रीवास्तव, जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी साक्षी डागुर ने की।

इंटरसेप्टर से तेज रफ्तार वाहनों पर शिकंजा

उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के खिलाफपुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सेफ स्पीड के तहत इंटरसेप्टर टीम आधुनिक उपकरणों से वाहनों की गति पर नजर रख रही है। निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को चिह्नित कर चालान किए जा रहे हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के दौरान इंटरसेप्टर में लगे स्पीड डिटेक्शन उपकरणों से वाहनों की रफ्तार मापी जा रही है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिसकर्मी वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने और आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखने के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साथ ही थकान या नींद महसूस होने पर वाहन रोककर आराम करने की सलाह दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर सुरक्षित सफर सुनिश्चित करना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफकार्रवाई जारी रहेगी।

एक्सप्रेसवे पर ट्रक की टक्कर से हेल्पर की मौत

औरास, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सई नदी पुल के पास बुधवार भोर में तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी औरास ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीतापुर जिले के रामपुर कला थाना क्षेत्र के पाहवा गांव निवासी रोहित दीक्षित (27) अपने साथी हरदोई जिले के संडीला कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर गांव निवासी हेल्पर अवनीश (21) पुत्र चंद्र किशोर के साथ पिकअप से लखनऊ से शामली जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब तीन बजे औरास के पास सई नदी पुल पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दी। हादसे में अवनीश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों और पुलिस ने उसे एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

तालाब में पलटा ट्रैक्टर, किशोर गंभीर

असोहा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के असोहा कस्बे में ट्रैक्टर पलटकर जोरिहा तालाब में जा गिरा। हादसे में ट्रैक्टर चला रहा 19 वर्षीय करन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन परिजन उसे कालूखेड़ा स्थित निजी नर्सिंगहोम ले गए।असोहा निवासी शिवप्रकाश साहू ने गांव के रामनरायन सविता के खेत में कंबाइन से धान कटवाने के लिए अपना ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा किया था। इसके बाद वह कंबाइन के पास चले गए। इसी दौरान राजू रैदास का 19 वर्षीय पुत्र करन वहां पहुंचा और पेंचकस की मदद से ट्रैक्टर स्टार्ट कर चलाने लगा। ट्रैक्टर पर नियंत्रण न रख पाने के कारण वह तालाब में पलट गया और करन उसके नीचे फंस गया। ट्रैक्टर पलटता देख शिवप्रकाश और खेतों में काम कर रहे अन्य लोग दौड़े। किसी तरह करन को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया।

छह साल बाद सरैया आरओबी पर वाहनों का ट्रायल शुरू

उन्नाव। कानपुर-लखनऊ मार्ग पर सफर करने वाले हजारों राहगीरों के लिए राहत की खबर है। छह साल के इंतजार के बाद सरैया रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) बनकर तैयार हो गया है। बुधवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर पुल पर वाहनों का ट्रायल शुरू कराया गया। 150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने इस पुल के चालू होने से रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और आवागमन सुगम होगा।1129 मीटर लंबे पुल की योजना वर्ष 2016 में तैयार की गई थी। शुरुआती प्रस्ताव में 785 मीटर पुल के निर्माण पर 75 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान था। वर्ष 2020 में मंजूरी के बाद निर्माण शुरू हुआ और जून 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। यातायात दबाव को देखते हुए डिजाइन में बदलाव कर इसे मरहला चौराहे तक विस्तारित किया गया। इससे लंबाई और लागत दोनों बढ़ गईं। सितंबर 2024 में संशोधित योजना के तहत काम दोबारा शुरू हुआ। 31 अक्टूबर को सेतु निगम ने पुल जिला प्रशासन को सौंप दिया। पुल 26 पिलर पर बना है। रेलवे लाइन के ऊपर 130 मीटर हिस्से में 24 गर्डर लगाए गए हैं। 1144.13 एकड़ में विकसित हो रही ट्रांसगंगा सिटी को भी इससे लाभ मिलेगा।

युवक की मौत पर परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम



पुरवा, उन्नाव। मोहल्ला शीतलगंज में युवक की जलने से मौत के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने ससुराल के सामने शव रखकर पुरवा-बिहार मार्ग पर करीब तीन घंटे तक जाम लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस और पीएसी ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। बाद में सीओ के आश्वासन पर परिजन शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने को तैयार हुए। बांगरमऊ के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी संजय के मुताबिक, उसके भाई करन की शादी वर्ष 2025 में शीतलगंज निवासी प्रीती से हुई थी। वर्ष 2026 में दोनों के बीच संबंध विच्छेद हो गया था। आरोप है कि दो-तीन दिन पहले प्रीती ने बीमार बेटी के इलाज के लिए पैसे देने के बहाने करन को घर बुलाया था। सोमवार रात खाना खाने के बाद विवाद होने पर पत्नी, ससुर और साले ने कथित तौर पर उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। करीब 95 प्रतिशत झुलसे करन को जिला अस्पताल से कानपुर और फिर लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। सीओ अरविंद चौरसिया ने आरोपियों के घर सील कराने, शीघ्र गिरफ्तारी और मुकदमे में हत्या समेत अन्य धाराएं बढ़ाने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के दौरान तीन थानों की पुलिस और पीएसी तैनात रही।

विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद कस्बे में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजन उसे मरणासन्न अवस्था में स्थानीय सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक, महिला ने फांसी लगाई थी। फिलहाल उन्होंने आपसी सहमति के चलते पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।कस्बे के खत्रियाना मोहल्ला निवासी अनीता (25) पत्नी राहुल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। मृतका का पति राहुल और ससुर दिल्ली में रहकर सिलाई का काम करते हैं। दोनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अनीता की करीब तीन वर्ष पहले शादी हुई थी। उसकी दो साल की एक बेटी है।

आयुष्मान योजना से गरीबों को मिलेगा पांच लाख तक मुफ्त इलाज



उन्नाव। जिले में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए राघव रिसॉर्ट, ललऊखेड़ा में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कार्यशाला आयोजित की गई। डीएम घनश्याम मीना ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।डीएम ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत है। इसके तहत पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजना से जोड़ने और चिकित्सकों को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने की सलाह दी। उन्होंने प्रत्येक नागरिक की आभा आईडी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे मरीज की बीमारी, जांच और पूर्व में कराए गए उपचार का रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेआर सिंह ने बताया कि पीएचसी और सीएचसी आने वाले प्रत्येक मरीज की डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जाएगी। सरकारी व निजी अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब और क्लीनिकों का एबीडीएम पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाएगा। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला महिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार आनंद, सीएचसी पाटन के चिकित्सा अधीक्षक सुशील कुमार और विद्या हॉस्पिटल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. अजय शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार आनंद, स्टेट नोडल अधिकारी शशांक बख्शी सहित जिले के चिकित्सक और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम



उन्नाव। सिकंदरपुर सरोसी विकासखंड के बीआरसी परिसर में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें विभिन्न न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद और लंबी कूद में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता और विशिष्ट अतिथि बीएसए शैलेश कुमार पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। विभिन्न स्पर्धाओं में विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रखर गुप्ता ने कहा कि खेलों से बच्चों में सहयोग, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना विकसित होती है। बीएसए ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खेल प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने की अपील की। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार द्विवेदी, आनंद यादव, अवनीश पाल, मोहम्मद असलम, नीरज और तरुण समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

आईटीआई कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन



धौरहरा खीरी। क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बुधवार को आईटीआई कॉलेज टेंगनहा धौरहरा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्यअतिथि विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने फीता काटकर किया।मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियों ने पहुंचकर रोजगार के अवसरों की जानकारी ली और विभिन्न प्रक्रियाओं में प्रतिभाग किया।रोजगार मेले में कुल 387 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।प्रमाण पत्र मिलने पर अभ्यर्थियों में उत्साह देखने को मिला।इस आयोजन को युवाओं के कौशल विकास और रोजगार की संभावनाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास बेहद जरूरी है।ऐसे रोजगार मेले युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के साथ ही उन्हें अपने भविष्य को बेहतर बनाने का मंच प्रदान करते हैं।युवाओं को चाहिए कि वे अपनी योग्यता और हुनर को निखारते हुए उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं।इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य, विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी,एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार विशाल शाह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

तालाब में डूबने से युवक की मौत, 15 घंटे बाद मिला शव

बांगरमऊ, उन्नाव। मछली पकड़ने के लिए घर से निकला युवक तालाब में डूब गया। करीब 15 घंटे की तलाश के बाद बुधवार दोपहर उसका शव बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना से परिवार में कोहराम मचा है।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के मवई घनश्याम गांव निवासी पुरुषोत्तम (23) पुत्र रामगुलाम मंगलवार देर शाम जाल लेकर मछली पकड़ने की बात कहकर घर से निकला था। बुधवार सुबह गांव के बाहर तालाब किनारे उसके कपड़े और जाल पड़े मिले। इससे उसके तालाब में डूबने की आशंका हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। काफी प्रयास के बाद दोपहर करीब तीन बजे उसका शव बाहर निकाला गया।

दशहरा मेला का पूर्व सांसद जफर अली नकवी ने किया उद्घाटन

लखीमपुर खीरी। ऐतिहासिक दशहरा मेला केवल मनोरंजन का उत्सव नहीं, बल्कि हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत, साहित्यिक चेतना और सामाजिक सौहार्द का जीवंत प्रतिबिंब है। सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा आयोजित ऐतिहासिक दशहरा मेले की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 12वीं शाम मुशायरे के नाम रही। अदब, तहजीब, मोहब्बत और शायरी के खूबसूरत संगम से सजी इस महफिल में देर रात तक शेरो-शायरी की गूंज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किए रखा। पूर्व सांसद जफर अली नकवी एवं गोला गोकर्णनाथ विधायक अमन गिरि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव एवं अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र का संचालन समाजसेवी एवं साहित्यकार राममोहन गुप्त ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की ओर से, सामाजिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को विशिष्ट सम्मान प्रदान कर उनके योगदान का अभिनंदन किया गया। सम्मानित होने वालों में मुरलीधर मौर्य, पंकज रस्तोगी, सीमाब अहमद, शकील सागर, महेश कश्यप, सुशील गुप्ता, महंत रामकली गोस्वामी, पूर्व प्रधान मोहम्मद युनुस, एडवोकेट रिजवान उस्मानी, आरिफएवं नवाज शरीफसहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। उद्घाटन सत्र के उपरांत जैसे ही मुशायरे की महफिल सजी, शब्दों के जादू और भावनाओं की गहराई ने पूरे वातावरण को साहित्यिक रंगों से सराबोर कर दिया। एक के बाद एक मैकश अमरोही, निकहत मुरादाबादी, गुलरेज देवासी, मोहन मुंतजिर, इकबाल अकरम वारसी, अकमल बलरामपुरी, बिलाल सहारनपुरी, खुर्शीद, हैदर, हसन काजमी, अशरफसिद्दीकी, मो शफी सीतापुरी, गुले सबा, अल्ताफ जिया, रशीद राहत, जमुना प्रसाद उपाध्याय, अज्म शाकरी, हाशिम फिरोजाबादी, बिलाल सहारनपुरी, नदीम फारुख, दमदार बनारसी, विकास सहाय आदि शायरों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कभी प्रेम और इंसानियत का पैगाम दिया तो कभी जिंदगी के अनुभवों और सामाजिक सरोकारों को अल्फाजों में पिरोकर श्रोताओं के दिलों तक पहुंचाया। इस यादगार साहित्यिक संध्या में उस्मानी डिग्री कॉलेज के प्रबंधक रिजवान उस्मानी, राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिलाध्यक्ष सौभाव अहमद चांद मियां, सुशील गुप्ता, मेलाध्यक्ष रवींद्र रावत, मेलाधिकारी समरा सईद, नीलम रस्तोगी, शमीम बानो, इंजीनियर दुर्गेश वर्मा, शफीक, मनोज राज, राकेश कुमार, बजरंग शर्मा, सुरेन्द्र मौर्य, चंद्र प्रकाश धुरिया एवं सर्वेश वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



एक नजर में

खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

बीघापुर, उन्नाव। विकासखंड के रुजिहई स्थित इंटर कॉलेज मैदान में ब्लॉक स्तरीय परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया।जूनियर वर्ग की 200 मीटर बालक दौड़ में यूपीएस अलीपुर के आयुष प्रथम, यूपीएस घाटमपुर के नीरज द्वितीय और युवराज तृतीय रहे। बालिका वर्ग में यूपीएस ओसियां की प्राशि प्रथम, यूपीएस गंगानगर की आरुषि द्वितीय और यूपीएस ओसियां की शगुन तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी में यूपीएस घाटमपुर की टीम विजेता बनी। प्राथमिक वर्ग की 100 मीटर बालक दौड़ में मोहित प्रथम, कृष्णा द्वितीय और आदित्य मिश्रा तृतीय रहे। बालिका वर्ग में पीएस सारुखेड़ा की आरती प्रथम, पीएस बरदहा की साक्षी द्वितीय और पीएस नरोत्तमपुर की इस्ता तृतीय रहीं। विधायक ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासन व आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन गणेश शंकर गुप्ता ने किया।

अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, परिवारों में कोहराम

दही, उन्नाव। जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दही थाना क्षेत्र के दुआ गांव निवासी प्रवेश रावत (28) पुत्र स्व. गजराज सदर कोतवाली क्षेत्र के कुंदन मोड़ के पास स्थित लेदर कंपनी में काम करता था। गुरुवार सुबह वह बाइक से ड्यूटी जा रहा था। गांव के बाहर सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रवेश को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर किया, लेकिन परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। वह दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था। दूसरी घटना मौरावां थाना क्षेत्र के दृगपालगंज गांव की है। यहां निवासी सुमित (19) पुत्र महादेव 24 अक्टूबर को पिता के साथ बाइक से असरेंदा पेट्रोल पंप जा रहा था। तभी सामने से आई दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र घायल हो गए। सिर में गंभीर चोट लगने पर सुमित को लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार रात उसकी मौत हो गई। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पुलिस ने दोनों मामलों में पोस्टमार्टम कराकर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला युवक का शव

सोहरामऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र के बाबाखेड़ा गांव में मंगलवार रात एक युवक ने गांव के बाहर पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। खेत से धान काटकर लौट रहे ग्रामीणों ने शव लटका देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गांव निवासी इंद्रसेन (54) पुत्र छोटेलाल ट्रक पर मौरंग उतारने का काम करता था। मंगलवार रात करीब 11 बजे उसने गांव के बाहर चिलवल के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। पति की मौत से पत्नी गुड्डा देवी, बेटा विशाल और बेटी कुमकुम का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष श्रीराम पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में किसान सम्मान निधि की रकम मिलने के बाद कई दिनों तक शराब पीने की बात सामने आई है। हालांकि, परिजनों ने कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कई साल से खड़े बिजली के पोल, नहीं बिछाई गई लाइन

बिछिया, उन्नाव। क्षेत्र के तौरा गांव में विद्युत विभाग की लापरवाही से कई वर्ष पहले लगाए गए बिजली के पोल आज तक शोपीस बने हुए हैं। इन पर अब तक विद्युत लाइन नहीं बिछाई गई, जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी है।सरकार की ओर से विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए लाखों रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है, लेकिन गांव में खड़े खाली पोल विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन पोलों पर बिजली की लाइन बिछा दी जाए तो उन्हें लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिल सकती है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द लाइन बिछाकर आपूर्ति शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि कई साल बीतने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है।

धान के खेत में मिला युवक का कंकाल, मोबाइल से हुई पहचान

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गुलरिहा मजरे मलौना गांव निवासी 22 वर्षीय युवक का कंकाल बुधवार को छविनाथ के खेत में धान काटते समय मिला। कंकाल मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच की। कंकाल के पास मिले मोबाइल फोन से युवक की पहचान हुई। पुलिस ने कंकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी दीपक कुमार सिंह (22) पुत्र कुंवर सिंह की गुमशुदगी 28 सितंबर 2026 को बिहार थाना में दर्ज कराई गई थी। बुधवार को छविनाथ पुत्र मंगल के खेत में धान काट रहे लोगों की नजर कंकाल पर पड़ी। उसके पास लोवर में एमआई कंपनी का मोबाइल फोन मिला। मोबाइल के आधार पर मृतक के भाई जितेंद्र ने उसकी पहचान दीपक के रूप में की। परिजनों के मुताबिक दीपक अमृतसर में सोने के आभूषण बनाने का काम करता था और बीमार रहता था। परिवार ने आशंका जताई कि कमजोरी के चलते पानी में गिरने से उसकी मौत हुई होगी। हालांकि, मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के बिहार-बक्सर मार्ग पर मालिन कुआं के पास बुधवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रायबरेली जिले के सरेनी थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव निवासी मनोज कुमार पटेल (50) पुत्र धून प्रसाद पटेल बुधवार को लखनऊ से बाइक से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब एक बजे मालिन कुआं के पास बक्सर की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मनोज की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।- **लगातार हादसों से बढ़ी चिंता**बिहार-बक्सर मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की जरूरत जताई है।

इस बार स्टेडियम में लगेगा पटाखा बाजार, रेती में रोक

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने और मुख्य धारा का रुख शुक्लागंज की ओर होने से इस बार तटवर्ती रेती में पटाखा बाजार नहीं लगेगा। जिला प्रशासन ने सुरक्षा और जगह की कमी को देखते हुए दीपावली पर सरैयां स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में तीन दिवसीय पटाखा बाजार लगाने का निर्णय लिया है।एसडीएम सदर राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि व्यापारियों की सुरक्षा और अग्निशमन मानकों के पालन के लिहाज से स्टेडियम को उपयुक्त पाया गया है। पटाखा कारोबारियों को तीन दिन के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं।

प्रतिभाशाली छात्र सम्मानित, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

बीघापुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के झगरपुर गांव में इंजीनियर अंकित सिंह मनु की 19वीं पुण्य स्मृति पर प्रतिभा सम्मान एवं कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कक्षा पांच, आठ, 10 और 12 के मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र और सम्मान राशि देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, करीब एक सैकड़ा निराश्रित और गरीब लोगों को कंबल वितरित किए गए।कक्षा पांच के शिवांक, शशि यादव, निहारिका सिंह, आदर्श, विकास कुमार और सोनाक्षी को सम्मानित किया गया। कक्षा आठ से शिवांगी, शुभी, स्वाती यादव, आयुष और वर्षा को पुरस्कार मिला। कक्षा 10 में जिले में तीसरा स्थान पाने वाले आयुष शर्मा और प्रदेश में आठवां स्थान हासिल करने वाली राखी रावत समेत अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 12 में जिले में दूसरा स्थान पाने वाली श्रेया शर्मा सहित आंचल देवी, आस्था वर्मा, आकांक्षा और मीनाक्षी मिश्रा को भी सम्मान मिला। मुख्य अतिथि रमेश सिंह ने आयोजक सुरेश सिंह परिहार के 19 वर्षों से किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की।